4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $4 \times 1 = 4$

(i) निम्नलिखित में से उपयुक्त सरल वाक्य छाँटकर लिखिए :

(A) एक लोककथा है जो आज भी दोहराई जाती है।

(B) गायन इतना प्रभावी था कि वह अपनी सुध-बुध खोने लगा।

(C) निकोबारी उसे बहुत प्रेम करते थे क्योंकि वह समझदार था।

(D) सूरज समुद्र से लगे क्षितिज तले डूबने को था।

(ii) "तताँरा बहुत संवेदनशील था तथा समूचे द्वीपवासियों की सेवा करना अपना परम कर्तव्य समझता था।" – रचना के आधार पर वाक्य-भेद है –

(A) सरल वाक्य

(B) मिश्र वाक्य

(C) संयुक्त वाक्य

(D) निषेध वाक्य

(iii) "उसे ज्ञात ही न हो सका कि अजनबी युवक उसे ताके जा रहा था।" – रचना के आधार पर वाक्य-भेद है :

(A) सरल वाक्य

(B) मिश्र वाक्य

(C) संयुक्त वाक्य

(D) सामान्य वाक्य

(iv) निम्नलिखित में मिश्र वाक्य छाँटकर लिखिए :

(A) कुछ था जो दोनों के भीतर बह रहा था।

(B) कुछ युवकों ने इस प्रेम को भाँप लिया।

(C) वामीरो कुछ सचेत हुई और घर की तरफ दौड़ पड़ी।

(D) दोनों के हृदय व्यथित थे।

(v) **स्तंभ** 'अ' और **स्तंभ** 'ब' को सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए :

| स्तंभ 'अ' | स्तंभ 'ब' |
|---|---|
| I. वह अचंभित था और रोमांचित भी था | 1. मिश्र वाक्य |
| II. ततांरा उसे जाते हुए निहारता रहा | 2. संयुक्त वाक्य |
| III. बस भीतर समर्पण था जो अनवरत गहरा था | 3. सरल वाक्य |

**विकल्प :**

(A) I 1 II 2 III 3

(B) I 2 II 1 III 3

(C) I 3 II 2 III 1

(D) I 2 II 3 III 1

## खण्ड 'ब'
### (वर्णनात्मक प्रश्न)

11. गद्य खण्ड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : 2×3 = 6

(क) शेख अयाज़ के पिता ने अपनी बाजू पर काले च्योंटे को रेंगता देख क्या किया? इससे उनकी कौनसी विशेषताएँ उभर कर आती हैं? 'अब कहाँ दूसरे के दुःख से दुःखी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ख) 'झेन परंपरा की यह बड़ी देन मिली है जापानियों को।' इस कथन में झेन परंपरा की किस बड़ी देन की बात कही गई है? स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर बताइए कि 'ओपनं लड़ाई' किसे कहा गया है और यह अपूर्व थी, कैसे?

12. काव्य-खण्ड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : 2×3 = 6

(क) मीरा अपने आराध्य कृष्ण से क्या विनती करती हैं और उन्हें उनके कर्तव्य का स्मरण करवाने के लिए क्या करती हैं?

(ख) विरासत में मिली वस्तुओं की सँभाल ज़रूरी है, क्यों? 'तोप' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'आज धरती बनी है दुलहन साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो।'
इन पंक्तियों के संदर्भ में सैनिक की भावनाओं को स्पष्ट कीजिए।

13. पूरक पाठ्य-पुस्तक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : 2×3 = 6

(क) 'मैत्री धर्म, जाति, रंग-भेद, प्रतिष्ठा आदि से ऊपर शुद्ध प्रेम और भावनाओं का प्रतिबिंब है।' 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'सपनों के से दिन' पाठ के लेखक और उसके साथी किस प्रकार गर्मियों की छुट्टियाँ बिताया करते? आप गर्मी की छुट्टियों में क्या करते हैं, लिखिए।

(ग) आपके पड़ोसी काका की स्थिति हरिहर काका से मिलती-जुलती है। आप उन्हें कैसे समझाएँगे और मदद करेंगे?

14. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : 5

(क) खेल बिना पाठ्यक्रम है अधूरा
- खेलों का महत्त्व • पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग • दोनों में संतुलन

(ख) जब तक पहाड़-नदियाँ हैं तब तक जीवन है
- प्रकृति से ही साँस है • प्रकृति से मैत्री • सतत विकास पर बल

(ग) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ
- क्यों पड़ी जरूरत • बेटियाँ समाज का अभिन्न अंग • महिलाओं के बढ़ते कदम

